तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 26 मार्च 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



बर्ड फ्लू अलर्ट : पोल्ट्री फार्म से लेकर दुकानों तक पहुंचेगी पशु चिकित्सकों की टीम
4




## खबर संक्षेप

### स्टार्टअप छत्तीसगढ़ कार्यशाला आयोजित

**कोरबा।** जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा जिप्सा कॉलेज आरएएमपी योजना के अंतर्गत स्टार्टअप छत्तीसगढ़ विषय पर जागरूकता एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा स्टार्टअप की अवधारणा, नवीन व्यावसायिक विचारों के विकास, इन्क्यूबेशन, फंडिंग तथा मार्केटिंग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ सरल एवं व्यवहारिक तरीके से प्रस्तुत की गईं। प्रतिभागियों को यह बताया गया कि किस प्रकार वे अपने नवाचार को व्यवसाय में परिवर्तित कर सकते हैं और शासन द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा विभिन्न प्रश्नों के माध्यम से अपने विचार एवं जिज्ञासाएँ साझा कीं।

### अधिवक्ता परिषद का प्रांतीय अधिवेशन संपन्न


**कोरबा।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय लाभांडी रायपुर में शनिवार को अधिवक्ता परिषद के प्रांतीय अधिवेशन का आयोजन हुआ। उक्त अधिवेशन में कोरबा इकाई से इकाई के संरक्षक मनोज कुमार राठौर, इकाई के जिला अध्यक्ष राज कुमार अज्ञेय, इकाई के जिला मंत्री अनिष कुमार सक्सेना, सह मंत्री दिनेश कुमार सिंह तथा न्याय केंद्र प्रमुख राम वल्लभ पांडे उपस्थित हुए। उक्त अधिवेशन छत्तीसगढ़ राज्य के विधि मंत्री गजेंद्र यादव, एसीपी साइबर क्राइम दिनेश पटेल, प्राध्यापक विधि नरेंद्र करवंदे, पूर्व प्रदेश संगठन मंत्री नीरज शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री धर्मेश श्रीवास्तव, राष्ट्रीय महामंत्री विक्रम दुबे तथा प्रांत संयोजक प्रदीप सिंह उपस्थित रहे।

### पांच प्रस्ताव सर्वसम्मति से तो तीन बहुमत के आधार पर किए गए पास

# निगम की सामान्य सभा में 915 करोड़ का बजट पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम की साधारण सभा में पुनरीक्षित बजट वर्ष 2025-26 एवं बजट वर्ष 2026-27 पारित कर लिया गया है। बजट के दौरान केवल चार विपक्षीय पार्षदों ने हाथ उठाकर अपना विरोध दर्ज कराया। वहीं सामान्य सभा में पांच प्रस्ताव सर्वसम्मति से तो तीन प्रस्ताव बहुत के आधार पर पास किया गया है। बुधवारी बाजार पुनर्विकास परियोजना संबंधी प्रस्ताव को विरोध के कारण फिलहाल होल्ड पर रखा गया है।



निगम के बजट के साथ उपस्थित महापौर व अन्य पार्षदगण।



सभा में उपस्थित पार्षदगण व अन्य।

#### खास बात

- विपक्षी पार्षदों ने बजट को जुमले वाला बजट दिया करार

निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर की अध्यक्षता तथा महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में बुधवार को निगम में साधारण सभा का आयोजन किया गया। निगम की साधारण सभा में 915 करोड़ बजट का प्रस्ताव पारित किया गया है। सभा के शुरुआत में पार्षदों के द्वारा पूछे गए सवालों एवं उनके उत्तर सदन के समक्ष रखे गए। इसके अलावा साधारण सभा की इतिहास में पहली बार 30 मिनट का ध्यानाकर्षण का समय भी आरक्षित किया गया था। इस दौरान पांच पार्षदों द्वारा विभिन्न विषयों पर सदन का ध्यान आकृष्ट कराया गया, उन पर चर्चा हुई तथा उठाये गये प्रश्नों के उत्तर संबंधित एमआईसी सदस्यों के द्वारा दी गई। बैठक में सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजना की स्वीकृति की पुष्टि संबंधी प्रस्ताव सर्वसम्मति से, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना की स्वीकृति की पुष्टि संबंधी प्रस्ताव सर्वसम्मति से तथा मुख्यमंत्री पेंशन योजना की स्वीकृति की पुष्टि संबंधी प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया, वहीं एजेंडा क्रमांक 6 में उल्लेखित बुधवारी बाजार पुनर्विकास परियोजना से जुडे प्रस्ताव को विरोध के कारण फिलहाल होल्ड पर रखा गया। इसी प्रकार डीबीएफओटी मोड पर पीपीपी आधार पर नगर निगम में मुड़ापार तालाब के डिजाईन, विकास, वित्त पोषण संचालन प्रबंधन और रखरखाव के लिये रियायतग्राही के चयन के लिये प्रस्ताव हेतु अनुरोध का प्रस्ताव बहुमत से पारित किया गया, वहीं डीबीओटी पीपीपी माडल अंतर्गत 15 वर्ष की लाईसेंस अवधि के लिये एटीएम, दैनिक उपयोग की दुकान व अन्य सुविधा के साथ-साथ संचालन व संधारण सहित वातानुकूलित बस क्यू शेल्टर निर्माण संबंधी प्रस्ताव को भी बहुमत से पास किया गया। स्व.केशवलाल मेहता स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता वर्ष 2026 के आयोजन हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान करने संबंधी प्रस्ताव ⏭ शेष पेज 3 पर

#### बुधवारी बाजार का एजेंडा होल्ड पर

साधारण सभा के दौरान जब एजेंडा क्रमांक 6 बुधवारी बाजार में कॉम्प्लेक्स बनाने का प्रस्ताव लाया गया तो विपक्षीय पार्षदों ने इसका जमकर विरोध किया। प्रस्ताव में बुधवारी बाजार के ग्राउंड फ्लोर में पार्किंग, सेकंड फ्लोर में सब्जी व्यवसायी व थर्ड फ्लोर में महिला समृद्धि की दुकान बनाना शामिल था। जिसका कांग्रेस के विपक्षीय पार्षदों ने विरोध जताते हुए कहा कि बाजार व्यवसायियों व पसरा की संख्या गलत बतायी गई है। वहीं डीपीआर में भी त्रुटि है। विपक्षीय पार्षदों के विरोध को देखते हुए फिलहाल इस प्रस्ताव को होल्ड पर रखा गया है।

#### पुनरीक्षित बजट प्राक्कलन

(रुपए लाख में) 2025-26

| बजट | अनुमान | पुनरीक्षित बजट |
|---|---|---|
| प्रारंभिक अवशेष | 38948.24 | 40523.80 |
| अनुमानित आय | 53094 | 30301.96 |
| कुल योग | 92042.24 | 70825.76 |
| अनुमानित व्यय | 89799.50 | 35106 |
| **शेष** | **2242.74** | **35719.76** |

#### बजट अनुमान 2026-27

| | |
|---|---|
| प्रारंभिक अवशेष | 35719.76 |
| अनुमानित आय | 55848.50 |
| कुल योग | 91568.26 |
| अनुमानित व्यय | 89251.50 |
| **शेष** | **2316.76** |

#### लकड़ी का गट्ठा व तख्ती लेकर पहुंचे कांग्रेसी पार्षद



निगम की साधारण सभा में कांग्रेसी पार्षद लकड़ी का गट्ठा और स्लोगन लिखे तख्ती लेकर घोषणा वीर महापौर की नारेबाजी करते हुए पहुंचे। इस दौरान निगम के नेता प्रतिपक्ष कृपा राम साहू व अन्य कांग्रेसी पार्षदों ने कहा कि महापौर घोषणावीर महापौर है। पूर्व में महापौर ने गरीब एवं वंचित वर्ग के लिए वार्ड स्तर पर अंतिम संस्कार हेतु लकड़ी उपलब्ध कराने की घोषणा केवल कागजों तक सीमित रह गई। छात्राओं के लिए मुफ्त बस सेवा का वादा भी पूरी तरह से अधूरा है। बिजली बिल में कोई मुरव्वत नहीं दी गई है। 60 रुपए जल कर को बढ़ाकर 200 रुपए कर दिया गया है। नेता प्रतिपक्ष श्री साहू ने आरोप लगाया है कि नगर निगम में आम लोगों व गरीबों के लिए बनाए गए उद्यानों और सामुदायिक भवन को आउट सोर्सिंग के जरिये निजी हाथों में दिया जा रहा है। एक एककर उद्यान, तालाब व भवन निजी हाथों में जा रहा है जिससे गरीबों के लिए बनाया गया था।

#### जनविरोधी व निराशाजनक बजट : जयसिंह

नगर निगम के वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तुत लगभग 915 करोड़ रुपये के बजट पर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि नगर निगम द्वारा प्रस्तुत बजट पूरी तरह से निराशाजनक, जनविरोधी और केवल पुराने वादों की कॉपी-पेस्ट का दस्तावेज है। यह बजट न तो शहर के वास्तविक विकास की दिशा दिखाता है और न ही आम जनता की मूलभूत समस्याओं के समाधान का कोई ठोस खाका प्रस्तुत करता है। पूर्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि पिछले बजट में किए गए अधिकांश वादे आज तक धरातल पर नहीं उतर पाए हैं। उन्होंने कहा कि शहर के 67 वार्डों में पेयजल आपूर्ति और स्ट्रीट लाइट की बदहाल स्थिति से आम जनता का जीवन प्रभावित हो रहा है, लेकिन इस गंभीर समस्या पर बजट में कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया है। इसके बजाय निगम प्रशासन उन योजनाओं का श्रेय लेने की कोशिश कर रहा है, जो नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में ही नहीं आती हैं। पूर्व में कांग्रेस शासनकाल में विकसित परिसंपत्तियों को अब निजी एजेंसियों को लीज पर देकर उनका व्यावसायीकरण किया जा रहा है, जिससे जनता को लाभ नहीं बल्कि निजी कंपनियों को फायदा पहुंच रहा है।




AG CORPORATIONS
KORBA
7880167001

# एक करोड़ 15 लाख टैक्स बकाया, 25 बकायादारों की संपत्ति कुर्क करेगा नगर निगम

**बिलासपुर।** नगर निगम को शहर के 25 बड़े बकायादारों ने लगभग एक करोड़ 15 लाख रुपए संपत्ति कर का भुगतान नहीं किया है। निगम ने इनकी सूची जारी करते हुए सभी बकायादारों को समय पर संपत्तिकर का भुगतान नहीं करने पर संपत्ति कुर्क करने की चेतावनी दी है। वहीं संपत्तिकर वसूलने शिविर और घरों में नोटिस भी चस्पा किया जा रहा है।

शहर में विकास कार्य कराने और नागरिकों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम के पास राजस्व एक मुख्य और महत्वपूर्ण जरिया है,जिसके माध्यम से नगर निगम सड़क,पानी,बिजली साफ-सफाई जैसी आवश्यक कार्यों का निष्पादन करता है और राजस्व निगम को कर के द्वारा मिलती है पर शहर के कई ऐसे लोग,जिन्होंने सालों से संपत्ति कर नहीं पटाया है,इनकी सूची काफी लंबी है, जिन्हें नोटिस दिया जा रहा है । कुछ तो ऐसे बड़े बकायादार हैं, जिनका लगभग लाखों बकाया है। कुछ ऐसे हैं जिन्होंने वर्ष 2016 से

### वर्षों से नहीं किया संपत्ति कर का भुगतान

कर का भुगतान नहीं किया है। निगम द्वारा संपत्तिकर नहीं पटाने वालों को नोटिस जारी किया गया है,जिनमें 25 ऐसे बड़े बकायादार है जिन्होंने कई सालों से कर नहीं पटाया है, जिन्हें नोटिस जारी कर अंतिम सूचना दी गई है। इसमें कहा गया है की एक माह के भीतर संपत्तिकर जमा नहीं करने पर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 175 के तहत कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

### घरों में दिया जा रहा है नोटिस

नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे के निर्देश पर राजस्व वसूली के लिए सभी जोन क्षेत्रों में शिविर लगाया जा रहा है। साथ ही सभी वार्डों में मुनादी के जरिए सूचना भी दी जा रही है। संपत्ति समेत अन्य कर नहीं पटाने वाले बकायादारों के घरों पर नोटिस दिया जा रहा है,इसके अलावा घरों पर नोटिस भी चस्पा किया जा रहा है। नोटिस में बकाया कर का विवरण उल्लेखित है, इसके अलावा नगर निगम ने सभी करदाताओं से 31 मार्च के पूर्व कर के भुगतान की अपील की है।

### ये हैं 25 बड़े बकायादार

बिहारी चित्र मंदिर, 9 लाख 98 हजार 6 सौ 24, सुरेंद्र सिंह कछवाहा एवं अन्य तीन, 9 लाख 49 हजार 2 सौ 91, गुरूचरण सिंह गुंबर,9 लाख 1 हजार 5 सौ 67, अरूण कुमार अग्रवाल, नारायण दास अग्रवाल,8 लाख 43 हजार 9 सौ, कर्नल एकेडमी,8 लाख 29 हजार 50, राजेंद्र सिंह गुंबर, 7 लाख 36 हजार 7 सौ 92, राजश्री हुमने, 5 लाख 87 हजार 8 सौ 7, नवरीन अहमद, 5 लाख 67 हजार 2 सौ 73 , परमजीत कौर गुंबर, 4 लाख 84 हजार 2 सौ 93, रत्नीदेवी सुल्तानिस 4 लाख 41 हजार 8 सौ 64 , सावित्री बाई,4 लाख 28 हजार 3 सौ 17, लखमीत टुटेजा, 4 लाख 27 हजार 8 सौ, लक्ष्मी टुटेजा 4 लाख,27 हजार 7 सौ 75, मंजीत सिंह गुंबर, 3 लाख 93 हजार 7 सौ 75 , आनंद कुमार बत्रा,पायल बत्रा,3 लाख 74 हजार 7 सौ 75,कन्हैया लाल केशरवानी,3 लाख 57 हजार 5 सौ 22, शीला कछवाहा, 2 लाख 91 हजार , बृजेश कछवाहा, 2 लाख 42 हजार 2 सौ 22, रश्मि गुप्ता,2 लाख 35 हजार 2 सौ 14,अशोक टुटेजा, 2 लाख 29 हजार 44, कमला बाई,2 लाख 10 हजार 7 सौ 22, सुरेन्द्र नाथ पाण्डेय,अजय पाण्डेय,स्मिता अवस्थी, 2 लाख 5 हजार, विशाल ठारवानी 1 लाख 97 हजार 6 सौ 74।

## खबर संक्षेप

### नर्सिंग कालेज के चौकीदार की मौत

**बिलासपुर।** नर्सिंग कालेज के चौकीदार की अचानक तबिय खराब हुई, वे उल्टी करने के बाद बेहोश हो गए। उन्हें इलाज के लिए सिम्स ले जाया गया, जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है। सिविल लाइन थाना के प्रधान आरक्षक विजयदीप त्रिपाठी ने बताया, मस्तूरी लटियापारा निवासी संतोषी सारथी पिता स्व. थानू सारथी 55 साल मगरपारा स्थित महादेव नर्सिंग कालेज में चौकीदारी करते थे। बुधवार की सुबह कालेज में ड्यूटी कर रहे थे। सुबह 10.30 बजे अचानक उनकी तबियत खराब हो गई और उल्टी करने के बाद बेहोश हो गए। कालेज के कर्मचारी उन्हें इलाज के लिए सिम्स लेकर गए। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### पान दुकान में चोरी करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पान दुकान में चोरी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, रिंग रोड टू स्थित एक पान ठेला व जरहाभाठा स्थित एक पान ठेला से चोरी कर ली गई थी। पतासाजी के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि दो युवक जरहाभाठा मिनीबस्ती में सस्ते में पान मसाला का सामान बेचने ग्राहक खोज रहे हैं। पुलिस ने मौके से मानस उर्फ सोनू सिंह पिता अश्वनी सिंह ओमनगर जरहाभाठा, अविनाश रात्रे उर्फ बंटी पिता राजेश रात्रे 19 साल जरहाभाठा शिवनाथ मार्ग निवासी को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर दोनों ने दोनों पान ठेला में चोरी करना स्वीकार कर लिया है। उनके पास से चोरी का सामान जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### पकड़ा गया मोबाइल चोर

**बिलासपुर।** आरपीएफ की टास्क टीम ने स्टेशन में पेट्रोलिंग के दौरान



एक मोबाइल चोर को पकड़कर जीआरपी के सुपुर्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार आरपीएफ निरीक्षक नंद बहादुर के निर्देश पर टास्क टीम 1 के प्रभारी उपनिरीक्षक डीके सिंह व अन्य स्टाफ स्टेशन में गश्त कर रहे थे थे। इस दौरान एक व्यक्ति प्लेटफार्म नम्बर एक हावड़ा छोर पर संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। पूछताछ और जांच में अटल आवास तोरवा निवासी राज श्रीवास पिता जीवराखन श्रीवास 25 साल के पास से मोबाइल मिला, जिसे उसने ट्रेन से चोरी करने की जानकारी दी। पूछताछ कने के बाद मोबाइल चोर को अग्रिम कार्रवाई के लिए जीआरपी के सुपर्द कर दिया गया, जहां उसके खिलाफ धारा 305 (सी) के तहत कार्रवाई की गई है।

### पेड़ पर युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बिलासपुर।** घर की छत के ऊपर आम के पेड़ में युवक ने फांसी



लगाकर खुदकुशी कर ली है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। सिविल लाइन थाना के प्रधान आरक्षक विजयदीप त्रिपाठी ने बताया कि मंगला धूरीपारा निवासी अरविंद पटेल पिता राजेश पटेल 16 साल कक्षा नवमीं की पढ़ाई कर रहा था। एक पेपर देकर अन्य पेपर नहीं दिया था। वह घूमंतू प्रवृत्ति का था। बुधवार की सुबह घरवाले छत में गए तो उसकी आम के पेड़ में फांसी पर लटकी लाश दिखी।

## राजकिशोर नगर में साढ़े तीस करोड़ की लागत से बननी है सड़क व नाली

# विद्युत पोल की नहीं की शिफ्टिंग, सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू नहीं हो सका






### एमआईसी में रखा गया था मामला

यह कार्य सड़क चौड़ीकरण के स्वीकृत राशि 417.15 लाख रुपए के अंतर की राशि 63.47 लाख रुपए से कराए जाने के लिए शासन को सक्षम स्वीकृति उपरांत किया जाना है। लेकिन कार्य की आवश्यकता को देखते हुए सुपरविजन चार्ज 1 लाख 49 हजार राशि का भुगतान सामान्य मद से किए तथा 63. 47 लाख राशि का टेंडर आंमत्रित किए जाने का मामला एमआईसी में रखा गया था, जिसे एमआईसी ने मंजूरी दे दी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम द्वारा अधोसंरचना मद अंतर्गत राजकिशोरनगर बजरंग चौक से शनि मंदिर चौक तक सड़क व नाली निर्माण के लिए टेंडर कर दिया है, लेकिन सड़क चौड़ीकरण में विद्युत पोल बाधा बना हुआ है। पोल शिफ्टिंग नहीं हो पाने के कारण इस सड़क का काम शुरू नहीं हो पाया है।

नगर निगम को राजकिशोर नगर बजरंग चौक से शनि मंदिर चौक तक सड़क चौड़ीकरण के लिए अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृति मिली है। इसके लिए नगर निगम द्वारा टेंडर मंगाया गया था और लगभग साढ़े करोड़ राशि का टेंडर भी कर दिया गया है। टेंडर के बाद संबंधित ठेकेदार को वर्क आर्डर भी जारी कर दिया गया है, लेकिन इस सड़क चौड़ीकरण कार्य में विद्युत लाइन बाधा बना हुआ है। विद्युत लाइन के कारण सड़क का काम प्रारंभ नहीं हो पाया है। सड़क चौड़ीकरण एलटी लाइन विद्युत पोल सहित 11 केवी ट्रांसफार्मर को शिफ्ट करना पड़ेगा, उसके बाद ही काम चालू हो पाएगा। इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा लगभग 63 लाख का प्राक्लन एवं ढाई प्रतिशत सुपरविजन चार्ज लगभग 1 लाख 49 हजार रुपए का डिमांड नगर निगम को भेजा गया है। यह राशि जमा करने के बाद राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अनुमति दी जाएगी, उसके बाद ही सड़क चौड़ीकरण एवं नाली निर्माण कार्य चालू होगा।

### पैसा नहीं जमा किया गया था

राजकिशोर नगर बजरंग चौक से लेकर शनि मंदिर तक सड़क निर्माण का कार्य नगर निगम को करना है। यहां की बिजली शिफ्टिंग के लिए नगर निगम को राशि जमा करना था, जिसे बुधवार को किया गया है। वर्क आर्डर व इस्टीमेट सहित अन्य कार्य अब नगर निगम ही करेगी।

-एचके चंद्रा
कार्यपालन यंत्री
तोरवा नगर संभाग



# अवैध उत्खनन-परिवहन मामले में 14 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- छापामार अभियान में धरे गए खनिज चोर
- एक जेसीबी, तीन हाइवा व 10 ट्रैक्टर ट्राली जब्त

खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एंव भण्डारण करने वालों के खिलाफ बीते तीन दिनों में बड़ी कार्रवाई की गई है। इसके अंतर्गत खनिज अमला द्वारा काठाकोनी, देवरीखुर्द, खम्हरिया, सकरी, निरतु, सेंदरी, मंगला, तुरकाडीह, लोखंडी, लोफण्डी, दर्रीघाट, लावर, जयरामनगर कोटा, करही कछार, पहन्दा क्षेत्र में आकस्मिक जाँच की गयी। जिसमें अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विभिन्न मामलों में चौदह वाहनों की जब्ती की गई है।

खनिज विभाग द्वारा सूचना के आधार पर 23 मार्च से विभिन्न स्थानों पर छापामार अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत खम्हरिया क्षेत्र से खनिज मिट्टी का अवैध उत्खनन करते एक जेसीबी व एक ट्रैक्टर ट्राली जब्त किया गया। टीम के द्वारा सकरी क्षेत्र से खनिज मिट्टी ईट का अवैध परिवहन करते 02 ट्रैक्टर ट्राली जब्त किया गया। इसी तरह जयरामनगर क्षेत्र से खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन करते तीन हाइवा व एक ट्रैक्टर ट्राली वाहन को जब्त किया गया। छापामार कार्रवाई के अंतर्गत खनिज विभाग की टीम ने सेंदरी क्षेत्र से खनिज रेत का अवैध परिवहन करते 03 ट्रेक्टर ट्राली को जब्त किया गया। करही कछार क्षेत्र से खनिज रेत का अवैध परिवहन करते 01 ट्रेक्टर ट्राली को जप्त किया गया। पहँदा क्षेत्र से खनिज रेत का अवैध परिवहन करते 01 ट्रेक्टर ट्राली को जप्त किया गया। इसी तरह लोफंदी क्षेत्र से खनिज रेत का अवैध परिवहन करते 01 ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया गया। इस प्रकार जब्त कुल 14 वाहनों को पुलिस थाना कोनी, कोटा, पुलिस सहायता केंद्र केंदा व जाँच चौकी लावर की अभिरक्षा मे रखा गया है।



### जारी रहेगी कार्रवाई

शहर के आसपास विभिन्न स्थानों पर खनिज विभाग की टीम ने बीते कुछ दिनों में लगातार छापामार कार्रवाई की है। इसके अंतर्गत खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन व भण्डारण के विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए पर चौदह वाहनों की जब्ती कर थानों के सुपुर्द किया गया है। खनिज विभाग की यह कार्रवाई अभी लगातार जारी रहेगी।

-किशोर कुमार गोलघाटे
उपसंचालक खनिज

# अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी, ठगी

**बिलासपुर।** अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर डेढ़ लाख की ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने नोएडा से गिरफ्तार कर



लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, 28 अगस्त 2025 को सुनील कुमार सूर्यवंशी ने रिपोर्ट लिखाई। अज्ञात मोबाइलधारक के द्वारा अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देकर 1 लाख 50 हजार 400 रुपए धोखाधड़ी कर ली गई। पुलिस उनकी रिपोर्ट पर अपराध कायम कर जांच में जुट गई थी। साइबर सेल से तकनीकी साक्ष्य लेकर टीआई अभय सिंह बैस स्टाप के साथ उत्तर प्रदेश नोएडा गए। उसके बाद पतासाजी कर नोएडा फरीदपुर निवासी गुरजीत कुमार पिता सोमप्रकाश 21 साल को पकड़ लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने ठगी करना स्वीकर कर लिया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 318, 4, 66 डी आईटी एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# अंगूठी व नकद लेकर व्यापारी को थमाया नकली ब्रेसलेट

**बिलासपुर।** एक युवक शहर के सराफा व्यापारी को नकली सोने का ब्रेसलेट थमाकर असली सोने की चेन अंगूठी व शेष रकम लेकर रफूचक्कर हो गया है। पुलिस अपराध कायम कर युवक की पतासाजी में जुट गई है। कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया, मध्यनगरी चौक सहगल गली निवासी राजेश सोनी पिता स्व. ताराचंद सोनी 49 साल ने रिपोर्ट लिखाई। वे जवाली नाला खाटू श्याम मंदिर के पास शुभकामना ज्वेलर्स की दुकान चलाते हैं। 2 दिसंबर 2025 को उनकी दुकान में एक ग्राहक पहुंचा, उसने अपना नाम उत्तम सिंह पिता विजय सिंह सेक्टर 33 रामपुर आराभोजपुर बिहार का रहने वाला बताया। उसने 22 कैरेट के सोने के ब्रेसलेट के बदले सोने की चेन और अंगूठी की मांग की। उन्होंने आधार कार्ड पेनकार्ड व ब्रेसलेट की रसीद देखकर सोने की चेन व अंगूठी बचत रकम 3 हजार 968 रुपए दे दिया। दो माह बाद उन्होंने उक्त ब्रेसलेट का गलाने के लिए दिया तो ब्रेसलेट निकली निकला। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर उत्तम सिंह के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## रतनपुर, कोटा में हुई वारदात

# दो सूने मकानों से जेवर नकद ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** जिले में चोर गिरोह सक्रिय होकर आतंक मचा रहे हैं। एक बार फिर चोरों ने दो मकानों में धावा बोलकर सोने चांदी के जेवर व नकद रकम चोरी कर लिया है।

रतनपुर पुलिस के अनुसार, ग्राम पोंड़ी मोहदा निवासी दिनेश्वर यादव पिता स्व. परसराम यादव का परिवार 24 मार्च की रात भोजन करने के बाद सो गए। रात 3 बजे उनकी पत्नी कमलेशी यादव बाथरूम के लिए उठी तो जिस कमरे में सामान रखा हुआ था, वहां दरवाजा व आलमारी खुली थी और सामान बिखरे पड़े थे। आलमारी में रखी 4 जोड़ी पायल, 3 जोड़ी बाजूबंद, 2 करधन, 1 सिंदूर डिब्बा, चांदी की चम्मच, कटोरी, एक जोड़ी हाथ पोंछ, सोने का मंगलसूत्र, मनचोली, 2 अंगूठी, 2 जोड़ी झुमका, 3 फुल्ली, 2500 रुपए नकद रकम सहित 2.50 लाख का सामान चोरी हो गया था। दूसरी घटना में कोटा पुलिस के अनुसार, ग्राम लमकेना निवासी रामकुमारी बंजारे पति स्व. भीखम बंजारे स्वाथ्य मितानिन हैं। 23 मार्च को उनके दोनों बेटा बहू नाती सभी लोग शादी में शामिल होने लालपुर बोईरपारा चले गए थे। 24 मार्च को दोपहर 1.30 बजे वे किचन में ताला लगाकर पीछे खेत में गेंहू की रखवाली करने चली गईं। दोपहर 3 बजे वे घर आईं तो किचन का ताला टूटा मिला। आलमारी का लाकर तोड़कर 30 हजार रुपए नकद, डेढ़ तोला सोने के 3 लाकेट, कांसे का बर्तन सहित 2 लाख का सामान चोरी कर लिया गया था। पुलिस दोनों मकानों का मुआयना कर लौट गई। पुलिस ने दोनों मामले में अज्ञात चोरो के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

# घर में घुसकर महिला को चाकू से मारने की कोशिश

**बिलासपुर।** घर में घुसकर एक महिला को बदमाश युवक ने आतंक मचाते हुए गाली गलौज करते हुए चाकू से मारने की कोशिश की। उनकी बहू ने बीच बचाव की तो युवक घर के बाहर से गाली गलौज कर हंगामा मचाने लगा। पुलिस ने युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सकरी पुलिस के अनुसार, उसलापुर कांटीखार निवासी सविता तिवारी ने रिपोर्ट लिखाई। मोहल्ले का रजनीकांत तिवारी आए दिन चाकू लेकर घूमता है, जिससे मोहल्ले में डर का माहौल हो गया है, पूर्व में उसने मोहन यादव, मन्नू यादव, अर्जून यादव लोगों से भी चाकू लेकर जान से मारने की धमकी देकर विवाद किया था। 24 मार्च की रात 11 बजे में वे खाना खाकर सो रही थी। उसी समय रजनीकांत दरवाजा को धक्का देकर जबरल अंदर घुसकर उनके साथ गाली गलौज करने लगा और जान से मारने की धमकी देकर चाकू से मारने की कोशिश की। उनकी बहू सोनम तिवारी ने बीच बचाव किया तब वह घर के बाहर से गाली गलौज करने लगा। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर रजनीकांत तिवारी के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 331, 6, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# जंगल के पेड़ काटकर बेजाकब्जा, पकड़े गए आरोपी

- दो आरोपी पकड़े गए, 10 फरार आरोपियों की तलाश शुरु

**बिलासपुर।** जंगल के हरे-भरे पेड़ों को काटकर बेजा कब्जा करने वालों के खिलाफ वन विभाग की टीम ने कार्रवाई की है। इस दौरान बेजा कब्जा करने वाले 12 आरोपियों में दो को पकड़कर रिमांड पर जेल भेजने के बाद अन्य फरार आरोपियों की तलाश शुरु कर दी गई है।

बुधवार को कोटा उप वन मंडलाधिकारी अनिल भास्करन को सूचना मिली कि कुछ लोग जंगल की भूमि पर लगे हरे-भरे पेड़ों को काटकर अतिक्रमण का प्रयास कर रहे हैं। सूचना मिलने के बाद बिलासपुर वन



मंडलाधिकारी नीरज कुमार के निर्देश और एसडीओ के मार्गदर्शन में बेलगहना परिक्षेत्र अधिकारी को कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। उच्चाधिकारियों के आदेश पर परिक्षेत्र अधिकारी बेलगहना के नेतृत्व में डिप्टी रेंजर शिवकुमार पैकरा, स्टाफ पंकज साहू, संतकुमार वाकरे, सोमप्रकाश, जय सिंधु, सावन यादव, शैलेन्द्र पोर्ते और अन्य ने मौके पर पहुंचकर देखा कि भेलवातिकारी कक्ष क्रमांक 2252 और 2472 में अवैध पेड़ों की कटाई और छंटाई करते हुए अतिक्रमण किया जा रहा है। टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर ली। इस दौरान वहां 12 अतिक्रमणकारी थे, जिसमें से विभागीय टीम ने दो आरोपियों कोनचरा निवासी तीजराम एवं मनइया पाव को पकड़कर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। वहीं अन्य मौके से फरार हो गए। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें 13 दिन के न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। वहीं फरार आरोपियों की खोजबीन करने के बाद गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# जेवर दुकान में सेंधमारी, लाखों रूपए के जेवर की चोरी

**वाड्रफनगर।** क्षेत्र में एक बार फिर से चोरों ने एक जेवर दुकान को निशाना बनाया है। चोरों ने नगर के बीच व्यस्त मार्ग पर स्थित जेवर दुकान में सेंधमारी कर वारदात को अंजाम दिया है। सुबह दुकान खुलने पर घटना की जानकारी मिली जिसके बाद हड़कंप मच गया। दुकान से लाखों रूपए के सोने चांदी के जेवर पार होने की बात कही जा रही है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। बता दें कि नगर के मुख्य बाजार स्थित दीपक अलंकार मंदिर नामक जेवर दुकान को संचालक रात के समय बंदकर घर चला गया था। 25 मार्च की सुबह



जब संचालक दुकान वापस लौटा तो शटर उठाते ही उसके होश उड़ गए। दुकान के अंदर बने रैक खाली पड़े हुए थे और दुकान की दीवार पर एक बड़ा सा छेद बना हुआ था। चोरों ने बीती रात दुकान को निशाना बनाते हुए सेंधमारी कर घटना को अंजाम दिया। दीवार तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने दुकान में रखे सोने चांदी के जेवर को पार कर दिया। फिलहाल चोरी में हुए नुकसान का आंकलन नहीं किया जा सका है। इस घटना की सूचना संचालक ने पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

# आवारा कुत्तों के हमले में कोटरी की मौत



**अम्बिकापुर।** पानी की तलाश में जंगल से भटक कर ग्राम पनिका पारा के निकट पहुंची एक कोटरी पर आवारा कुत्तों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। कुत्तों के हमले में कोटरी की मौत हो गई। बुधवार की सुबह पानी की तलाश में एक कोटरी जंगल से भटक कर ग्राम खैरबार बांकी बांध मार्ग पर बसे पनिका पारा बस्ती के निकट पहुंची तो कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। पहले तो कोटरी सड़क पर इधर-उधर दौड़ती रही। कुछ देर में ही कुत्तों ने घेर कर उस पर हमला कर दिया तथा उसके शरीर को दातों से नोचने लगे। हमले में गंभीर रूप से घायल कोटरी की कुछ देर में ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि 10 दिन पूर्व भी एक कोटरी जंगल से भटकर गांव के निकट पहुंच गई थी जिसे कुत्तों ने हमला कर मार डाला था। मृत कोटरी का शव देर शाम तक सड़क किनारे पड़ा रहा।

# पर्सनल यूजर आईडी से रेल टिकिट बनाते पकड़ा गया दुकानदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आरपीएफ की टीम ने मुखबिर की सूचना पर चांटापारा तिलक नगर स्थित एक दुकान में छापामार कार्रवाई करते हुए पर्सनल यूजर आईडी से रेल टिकिट बनाकर यात्रियों को बेचने वाले दुकानदार को पकड़कर रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

रेलवे बोर्ड के आदेश पर रेलवे सुरक्षा बल की टिकिट दलालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। टिकिट दलाली को रोकने के लिए रेलवे प्रतिदिन कोई न कोई नया नियम बनाती है, जिसके तहत आरपीएफ सूचना मिलने के बाद टिकिट दलालों के पास से लाखों की टिकिट लेने के बाद उनके खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई भी करती है, लेकिन दलाली की प्रथा थमने का नाम नहीं ले रही है। आईआरसीटीसी से लायसेंस मिलने के बाद भी कई लोग अपना पर्सनल यूजर आईडी बनाकर यात्रियों को तत्काल, प्रीमियम तत्काल और नार्मल आरक्षण टिकिट की बिक्री कर धड़ल्ले से कमाई कर रहे हैं। इसी तरह की सूचना बिलासपुर आरपीएफ की टीम को मिली। सूचना पर आरपीएफ के निरीक्षक नंद बहादुर के नेतृत्व में उपनिरीक्षक एसबी सिंह व अन्य स्टाफ सिविल लाइन पुलिस को जानकारी देकर तिलक नगर चाटापारा स्थित फ्रेंड्स कापियर्स आनलाइन की दुकान पहुंचे, जहां मुंगेली नाका चौक विकास नगर निवासी रविशंकर निर्मलकर पिता राजकुमार निर्मलकर 35 साल आईआरसीटीसी के बिना लायसेंस के अपने पर्सनल यूजर आईडी के जरिए टिकिट बनाकर यात्रियों को बेचकर अतिरिक्त कमाई करता था। टिकिट के भुगतान के लिए वह इंडसइंड बैंक अकाउंट, एक्सिस व कोटक महिंद्रा बैंक के क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर रहा था। आरोपी के पास से 15 नग पास्ट जर्नी टिकिट व अन्य सामान जब्त कर रेलवे अधिनियम 143 के तहत कार्रवाई की गई है।



## खबर संक्षेप



### चैत्र नवरात्रि की सप्तमी पर मां भवानी चोढ़ारानी में लगी भक्तों की भीड़

**हरदीबाजार।** चैत्र नवरात्रि की सप्तमी व्रत व माता रानी के दर्शन, मनोकामना ज्योति क्लश व ज्वारा के दर्शन करने वालें भक्तों की बड़ी संख्या में मां भवानी चोढ़ा रानी पहाड़ में दर्शन करने महिला पुरुष युवि बच्चों की खासी भीड़ सुबह से रही। वहीं मंदिर प्रगाण में झांझ मंजीरा, मांदर की थाप में जस गीत अनवरत चल रही है। इस दौरान मंदिर में भक्तों को असुविधा न हो उसके लिए,सभी जरुरी व्यवस्था की गई है । मंदिर में पहुंचने वाले सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया जा रहा है।

### कुल्हाड़ी से हमला करने वाले आरोपी को 5 साल की सजा

**कोरबा।** दो साल पूर्व कुल्हाड़ी से जानलेवा किए जाने के एक मामले में आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर 5 वर्ष सश्रम कारावास व 5 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अतिरिक्त लोक अभियोजक कटघोरा दिलीप झा द्वारा जानकारी दिया गया कि दिसंबर 2023 में आरोपी रविन्द्र यादव द्वारा रज्जन आलम को मां बहन की अश्लील गालीयां देते हुए जान से मारने की नियत से अपने हाथ में रखे टांगी से रज्जब आलम पर हमला कर दिया था जिसपर पुलिस ने आरोपी रविंद्र यादव के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। उक्त प्रकरण में विधारण के दौरान द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा पीठासीन अधिकारी शीलू सिंह के द्वारा साक्षियों के कथन एवं घटना के तथ्यों का सूक्ष्म विश्लेषण करते हुए घटना को संदेह से परे प्रमाणित पाते हुए आरोपी को उक्त अपराध धारा में दोषी पाते हुए 5 वर्ष सश्रम कारावास एवं 5 सौ रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया।

### मुर्गी के बाड़े में घुसा धमना सांप सुरक्षित किया गया रेस्क्यू



**कोरबा।** रिस्दी क्षेत्र में डॉ. शतदल नाथ के फार्म हाउस में मजदूर के द्वारा मुर्गियों को दाना देने गया तब मुर्गी के बाड़े में घुसे सांप के द्वारा चूज़े को खाते हुए देखा तो उसके होश उड़ गया। जिसके बाद मजदूर ने डरते हुए डॉ. शतदल नाथ को जानकारी दी। जिसके बाद वाइल्डलाइफ रेस्क्यु टीम प्रमुख जितेंद्र सारथी को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलने पर टीम के सदस्य साहिल ने सावधानी से 8 फीट लंबे धमना सांप का रेस्क्यु कर बाड़े से बाहर निकाला गया और थैले में डालकर सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया। बताया जाता कि धमना सांप ने 3 मुर्गी के बच्चों को खा लिया था।

### हाथियों का झुंड पहुंचा ठाकुरखेता

**कोरबा।** वन मंडल कोरबा के पसरखेत रेंज अंतर्गत केराकछार क्षेत्र में डेरा डाले 9 हाथियों के झुंड ने मंगलवार की रात मुमेंट करते हुए आगे का रूख कर लिया और ठाकुरखेता जंगल में पहुंच गया। हाथियों के झुंड को महुआ संग्रहण के लिए जंगल गया ग्रामीणों ने देखा और इसकी सूचना संबंधित वन अमले को दी गई। जिस पर विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गई है। ठाकुरखेत एवं आसपास के क्षेत्रों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क किया गया है। डिवीजन के करतला रेंज स्थित पहाड़गांव में सक्ती क्षेत्र से एक दंतैल हाथी के आने की सूचना के बाद वन विभाग सतर्क हो गया है। करतला वन परिक्षेत्र के प्रभारी रेंजर अर्चना पैकरा ने बताया कि क्षेत्र में गस्ती बढा दी गई है और दंतैल की पतासाजी तेज कर दी गई है। हालांकि उसका लोकेशन नहीं मिल पा रहा है। ऐसी संभावना है कि हाथी पहाड़ पर कहीं छिपा हुआ है।

## सर्वमंगला मंदिर में भी सुबह से देर शाम तक भक्तों का लगा तांता

# सप्तमी पर चैतुरगढ़ मंदिर में दर्शनार्थियों की लगी लंबी कतार



चैतुरगढ़ मंदिर में लगी भक्तों की भीड़।

### दोपहर बाद लगेगी नवमीं

कुछ पंचांगों के अनुसार अष्टमी तिथि 26 मार्च की सुबह 11.48 बजे तक रहेगी लेकिन उदिया तिथि होने की वजह से पूरे दिन अष्टमी तिथि का प्रभाव रहेगा। दोपहर बाद नवमीं शुरु होने से 27 मार्च को महानवमीं मनाई जाएगी। जिसमें सिद्धिदात्री की पूजा की जाएगी और दोनों ही दिन नवरात्रि के प्रमुख महत्वपूर्ण दिन रहते हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चैत्र नवरात्रि के बुधवार को सप्तमी तिथि के अवसर पर आदिशक्ति की भक्ति में डूबे दर्शनार्थियों की भीड़

**खास बात**

- आज अष्टमी पर होंगे हवन, भोग भंडारे

हसदेव तट में विराजी मां सर्वमंगला के दरबार से लेकर मां महिषासुर मर्दिनी के धाम चैतुरगढ़ के पहाड़ पर नजर आयी। दोनों ही धार्मिक स्थलों में देवी की आराधना करने लंबी कतारें लगी हुई थी। इनमें चैतुरगढ़ का नजारा अलग ही नजर आ रहा था। गुरुवार को अष्टमी के अवसर पर सुबह से ही हवन आहूति के साथ भोग भंडारे का दौर शुरु हो जाएगा।

नौ दिन तक चलने वाले चैत्र नवरात्र की सप्तमी तिथि कालरात्रि की पूजा के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। देवी के मंदिरों में दर्शनार्थियों का तांता लगा हुआ था। इस दौरान भक्तों की भीड़ पूजा के लिए सुबह से ही पहुंच चुकी थी। अपरान्ह 11 बजे के बाद तेज धूप के बाद भी दर्शनार्थियों की भीड़ कम नहीं हुई। मां सर्वमंगला मंदिर में भक्तों की लंबी कतार लगी थी। सप्तमी में भक्ति का सैलाब चैतुरगढ़ के पहाड़ में उस समय नजर आया जब भक्तों की कतार मंदिर के मुख्यद्वार से लेकर बाहर के मुख्य गेट तक दर्शनार्थी कतार में नजर आए। मंदिर प्रबंधन के द्वारा दूरदराज से आए दर्शनार्थियों के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। चैतुरगढ़ पहाड़ पर मां महिषासुद मर्दिनी का ऐतिहासिक और प्राचीन मंदिर स्थित है। जिसके दर्शन के लिए बिलासपुर, पेंड्रा, रायगढ़ और रायपुर जैसे शहर से लोग पहुंचते हैं। प्रतिवर्ष क्वांर और चैत्र नवरात्रि में भक्ति का संगम नजर आता है। सप्तमी के दिन आदिशक्ति के कालरात्रि रुप की पूजा की जाती है। गुरुवार को अष्टमी होने के कारण हवन और भोग भंडारे का प्रमुख दिन रहेगा। कई स्थानों में अष्टमी के दिन कन्या भोज कराए जाते हैं।



**कोरबा।** श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने बुधवार को नवरात्रि के सप्तमी की विशेष अवसर पर मां सर्वमंगला मंदिर, पहाड़ पर विराजी मां मड़वारानी, मां भवानी मंदिर, कौशल्या धाम एवं एनटीपीसी गेट के सामने मंदिर परिसर में पहुंचकर माता रानी के विशेष पूजन अर्चन कर माथा टेका। उन्होंने माता रानी से प्रदेश और जिले की सुख-शांति और तरक्की के लिए कामना की।



आरती करते महिला श्रद्धालु।

# मां महागौरी मंदिर कटघोरा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



मां महागौरी।



भजन कीर्तन गाते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर के प्रसिद्ध माँ महागौरी मंदिर अग्रसेन नगर कटघोरा में इन दिनों भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। मंदिर परिसर में प्रतिदिन सुबह से देर रात तक श्रद्धालु माता रानी के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना हुआ है।

नवरात्रि के अवसर पर मंदिर को कलकत्ता के आकर्षक फूलों और रोशनी से सजाया गया है, जिससे मंदिर की भव्यता और भी बढ़ गई है। प्रतिदिन विधि-विधान से व उपाध्याय बन्धुओ के द्वारा संगीत मय देते हुए माँ दुर्गा के स्वरूप माँ महागौरी की पूजा-अर्चना की जा रही है। सुबह की मंगल आरती से लेकर शाम की महाआरती तक भक्तजन बड़ी संख्या में शामिल होकर माता रानी से सुख-समृद्धि और शांति की कामना कर रहे हैं। नगर के श्रद्धालु परिवार सहित मंदिर पहुंचकर माता रानी के चरणों में शीश नवाकर अपनी मनोकामनाएं मांग रहे हैं। महिलाओं और युवाओं की विशेष भागीदारी देखने को मिल रही है। मंदिर में भजन-कीर्तन और माता के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। पूजा-पाठ, आरती और प्रसाद वितरण की व्यवस्था सुव्यवस्थित रूप से की जा रही है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नगरवासियों का कहना है कि नवरात्रि का यह पावन पर्व आस्था, श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है, जिसमें सभी लोग मिलकर माता रानी की पूजा-अर्चना करते हैं। नवरात्रि के इन नौ दिनों में माँ महागौरी मंदिर कटघोरा में लगातार धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है और श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ इसमें भाग ले रहे हैं।

# उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन युवाओं को स्वरोजगार हेतु किया प्रोत्साहित



स्वरोजगार कार्यक्रम में उपस्थित युवक व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, कोरबा द्वारा स्थानीय एक होटल में उद्यमिता जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं इच्छुक उद्यमियों को स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना तथा राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को विशेष रूप से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के बारे में व्यापक जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने उपस्थित युवाओं को बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से वे किस प्रकार अपना स्वयं का उद्योग या व्यवसाय प्रारंभ कर सकते हैं तथा सरकार द्वारा उपलब्ध सब्सिडी एवं वित्तीय सहायता का लाभ कैसे प्राप्त कर सकते हैं। पीएमईजीपी योजना के अंतर्गत बैंक ऋण, सब्सिडी प्रक्रिया, पात्रता मानदंड एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी विस्तारपूर्वक प्रदान की गई। वहीं पीएमएफएमई योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए उपलब्ध सहायता, ब्रांडिंग, प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहयोग की रूपरेखा सरल एवं सहज भाषा में समझाई गई। शिविर में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम ने युवाओं में स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा जगाई तथा उन्हें अपने व्यवसाय की संभावनाओं को मूर्त रूप देने हेतु प्रोत्साहित किया।

# कलेक्टोरेट में होने वाली डीआरआरसी बैठक के विरोध में नायब तहसीलदार को सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

ग्राम पंचायत हरदीबाजार में ग्रामवासियों द्वारा नापी सर्वे 2025 के

**खास बात**

- हरदीबाजार में मकानों के सर्वे नापी, मौजा, बसाहट का मामला

पार्ट तीसरा के संबंध में डीआरआरसी एसईसीएल दीपका प्रबंधन व जिला प्रशासन के द्वारा 27 मार्च को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक है। जिसका बहिष्कार ग्राम पंचायत हरदीबाजार के द्वारा करते हुए बस स्टैंड सत्यदेव मंदिर से तहसील कार्यालय लगभग दो किमी पैदल मार्च कर नायब तहसीलदार सुजीत पाटले को मांग पत्र सौंपा । मांग पत्र में उल्लेख किया गया है कि 2004 एवं 2010 के अधिग्रहण का सर्वे नापी लगभग पूर्ण होने को है जबकि सर्वे नापी के बाद मकान मालिकों, भू-स्वामीयों को अभी तक मौजा राशि, नौकरी, बसाहट परिसंपत्तियो की सूची व एसईसीएल दीपका प्रबंधन द्वारा अभी तक मुआवजा पत्रक जारी नहीं किया गया है । ऐसे में तीसरा अधिग्रहण के संबंध में डीआरआरसी करना उचित नही है। सरपंच लोकेश्वर कंवर एवं पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर पूर्व जनपद सदस्य अनिल टंडन,नरेश टंडन , विजय जायसवाल ने नायब तहसीलदार के सामने बातें रखी इस अवसर श्यामू जायसवाल,रामशरण कंवर,इशाक खान,राजेश जायसवाल, प्रेम डिक्सेना, अशोक डिक्सेना, देव कुमार जायसवाल ,प्रदीप राठौर, आशीष अग्रवाल, रामेश्वर यादव, इंद्रभूषण ओंडे, कमलेश राठौर, जगदेव राठौर,वासु जायसवाल, लाला राठौर, उमेश राठौर, बजरंग पटेल, राजेन्द्र जगत, गणेश शर्मा,श्रवण,उमेश भारद्वाज, रामायण यादव, सुरेंद्र राठौर , गजेन्द्र ठाकुर,सीताराम ओढ़े, गजानंद यादव,सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



बैठक के विरोध में ज्ञापन सौंपते ग्रामवासी।

# हैवी ब्लास्टिंग से गिरा पीएचसी की छत का प्लास्टर

**हरदीबाजार।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदीबाजार के डिलीवरी वार्ड का छत का प्लास्टर भरभरा कर गिरा। यह घटना बुधवार की दोपहर एसईसीएल दीपका के हैवी ब्लास्टिंग से हुआ जहां पर वार्ड के नर्स, सिस्टर उपस्थित रहे जो की बाल-बाल बचे। इस संबंध में चिकित्सा विभाग के द्वारा बार-बार उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जा रहा है कि हैवी ब्लास्टिंग के चलते प्राथमिक स्वास्थ्य का भवन में रहना खतरे से खाली नहीं चारों तरफ खदानें आ गई है खदान से 30 मीटर के दायरे पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है जहां लगातार हैवी ब्लास्टिंग किया जा रहा है जो की किसी दिन भी बड़ा हादसा हो सकता है इसके बावजूद एसईसीएल दीपका खदान में हैवी ब्लास्टिंग करने को नहीं बंद किया जा रहा है आखिरकार बुधवार को दोपहर जब हैवी ब्लास्टिंग हुई तो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डिलीवरी रूम का छत का छप्पर भर भरा कर गिर गया जहां नर्स सिस्टम उपस्थित रहे और बाल बाल बचे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एसईसीएल दीपका खदान से लगभग 30 मीटर के दायरे पर है वही पानी के लिए मरीज एवं स्वास्थ्य कर्मचारी तरस रहे है यहां पूरी तरह बोर का पानी सूख चुका है।

### सर्वमंगला पुल के गड्ढों में नहीं हुआ डामरीकरण, आवाजाही में हो रही परेशानी

**कोरबा।** कुसमुंडा मुख्य सड़क से शहर की ओर सर्वमंगला पुल पारकर आवाजाही होती है। नवरात्रि पर्व के मद्देनजर आवाजाही में राहत देने सर्वमंगला पुल के गड्ढों को बजरी व गिट्टी से पाटने के बाद डामरीकरण नहीं कराया गया है। भारी वाहन निकलते ही धूल का गुबार उठने से राहगीरों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। हसदेव नदी के निकट सर्वमंगला मंदिर शहरवासियों की आस्था का प्रमुख केन्द्र है। देवी मां के भक्त दरबार में हाजिरी लगाते हैं।

**न्यायालय तहसीलदार कटघोरा**
**जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202603050700025
अ-6/2025-26
ग्राम पौंसरा, प.ह.नं. 06
तहसील-कटघोरा

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मीरा बाई पति स्व. राम सिंह, जाति कंवर, निवासी ग्राम-पौंसरा, तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम पौसरा, प.ह.नं. 06, तहसील- कटघोरा में भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 48, 51 (शा.नं. 52), 58, 188/3, 203/2, 221/6, 224/3, 278/4 (शा.नं. 279/3, 280/3, 281/3, 288/4, 283/3, 284/3, 285/3, 287/3) एवं 307 रकबा कमशः 0.138, 0.344, 0.081, 0.050, 0.162, 0.057, 0.121, 0.787 एवं 0.231 कुल ख.नं. 09 कुल रकबा 1.971 हे. भूमि स्थित है, जो राजस्व अभिलेख में राम सिंह, रायसिंह पिता लाला सिंह, ढेलाबाई बेवा लाला सिंह के नाम पर दर्ज है। जिसमें आवेदक द्वारा खातेदार रामसिंह पिता लाला सिंह की मृत्यु हो जाने का लेख करते हुए राजस्व अभिलेख से मृत खातेदार का नाम विलोपित कर उसके स्थान पर उनके विधिक वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने हेतु छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहतआवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 06/04/2026 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**कटघोरा**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पंचराम चौहान पिता नन्हैया जाति गाड़ा निवासी चुरैल तहसील दीपका जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा अपने पिता नन्हैया पिता बिहारी की मृत्यु दिनांक 09.03.2001 स्थान चुरैल तहसील दीपका में घर में मृत्यु होने के कारण पंजीयन करने हेतु स्थानीय रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के अंतर्गत निर्देश देने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, अनुपलब्धता एवं अन्य दस्तावेज सहित इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 07/04/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 20/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**दीपका**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका किरण पटेल पिता नारायण पटेल निवासी रलिया तहसील दीपका जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा अपने बुआ सुकवारा बाई पिता चंदराम की मृत्यु दिनांक 16/05/2003 स्थान रलिया तहसील दीपका में घर में मृत्यु होने के कारण पंजीयन करने हेतु स्थानीय रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के अंतर्गत निर्देश देने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, अनुपलब्धता एवं अन्य दस्तावेज सहित इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 08/04/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 23/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**दीपका**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**

# स्काउट गाइड के राज्य प्रशिक्षण केन्द्र होंगे विकसित, मैंबरशिप ग्रोथ पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ की राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक में मेंबरशिप ग्रोथ पर फोकस करते हुए राज्य प्रशिक्षण केन्द्रों को विकसित करने पर जोर दिया गया। बैठक में विशेष रूप से नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्य एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की राज्य उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी वर्मा उपस्थित हुईं। राज्य कार्यकारिणी द्वारा राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने पर उनका सम्मान किया गया। राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा की अध्यक्षता में आयोजित हुई राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक में 2026- 27 के वार्षिक बजट का अनुमोदन किया गया।

वार्षिक युवा एवं एडल्ट कार्यक्रम पर चर्चा और सुझाव लेते हुए इसका भी अनुमोदन किया गया। बेसिक कमिश्नर्स कोर्स, राज्य पुरस्कार रैली एवं अलंकरण समारोह, रोवर रेंजर समागम सहित एजेंडा के अन्य विषयों पर चर्चा की गई एवं इसे पारित किया गया। राज्य मुख्यालय के कर्मचारियों के वेतन बढ़ोतरी का विषय भी राज्य कार्यकारिणी में लाया गया। अभनपुर एवं झीपम स्थित राज्य प्रशिक्षण केन्द्र के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई। राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा ने बताया कि प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जम्बूरी को सीमित बजट और सीमित संसाधनों में आयोजित करने को लेकर राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा सराहना करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। श्री खालसा ने कहा कि राज्य मुख्यालय का पूरा फोकस मेंबरशिप ग्रोथ पर है। राज्य में स्काउटिंग के क्रियाकलापों को गति देने का कार्य योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है। राज्यसभा सदस्य एवं उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि स्काउटिंग से जुड़ा हर युवा और लीडर न केवल समर्पित भाव से कार्य करता बल्कि हर पस्त्रिस्थिति के लिए तैयार रहता है। स्काउटिंग के माध्यम से समाज की दशा सुधारने में योगदान दिया जा रहा है और दिशा दिखाई जा रही है। इस दौरान लक्ष्मी वर्मा, बृजेश कुमार बाजपेयी विजय केशरवानी, कार्तिकेश्वर स्वर्णकार, सुनिता वोहरा, हेमंत देवांगन, रेंजर डा. नीता वाजपेयी, सीमा साहू, बीना यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### निगम की समान्य...

को सर्वसम्मति से एवं नगरीय क्षेत्रों में अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग सामाजिक प्रस्थिति के प्रमाणीकरण की नियम 2013 के तहत जाति प्रमाण पत्र जारी करने संबंधी प्रस्ताव को भी सर्वसम्मति से सदन द्वारा पारित किया गया। इसके बाद महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत द्वारा नगर पालिक निगम कोरबा के वित्तीय वर्ष 2025-26 का पुनरीक्षित बजट एवं वर्ष 2026-27 के अनुमानित आम बजट को सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया। महापौर श्रीमती राजपूत ने सदन में अभिभाषण प्रस्तुत किया, बजट पर विस्तार से चर्चा हुई, सदन में तत्समय उपस्थित कुल सदस्यों में से 4 सदस्यों ने हाथ उठाकर बजट पर अपना विरोध दर्ज कराया, अंत में नगर निगम का पुनरीक्षित बजट वर्ष 2025-26 एवं बजट वर्ष 2026-27 भारी बहुमत के साथ पारित किया गया।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

# घर बैठे मिल रही परिवहन सेवा, तुंहर सरकार तुंहर द्वार योजना से आसान हुई राह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ शासन की तुंहर सरकार तुंहर द्वार योजना के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा दी जा रही घर पहुँच सेवाओं ने नागरिकों के जीवन को सुगम और सरल बना दिया है। प्रदेश सरकार की इस मंशा को आगे बढ़ाते हुए परिवहन विभाग द्वारा कुशल और समयबद्ध तरीके से स्मार्ट कार्ड आधारित ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन पंजीकरण प्रमाणपत्र (आरसी) सीधे आवेदकों के घर के पते पर पहुँचाए जा रहे हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने से मुक्ति दिलाना और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करना है।

अलग खबर

इस योजना के क्रियान्वयन से परिवहन प्रणाली में न केवल सुधार हुआ है, बल्कि नियमों के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है। वाहन स्वामियों को अब आवश्यक दस्तावेजों के परीक्षण के उपरांत बिना किसी परेशानी के घर बैठे ही उनके महत्वपूर्ण दस्तावेज प्राप्त हो रहे हैं। शासन का यह कदम सुरक्षित और सीमित गति से वाहन चलाने के साथ-साथ पर्यावरण नियमों के अनुपालन के प्रति भी नागरिकों को प्रोत्साहित कर रहा है। सड़क सुरक्षा के प्रति सजगता बढ़ाने और यातायात संकेतों के पालन को अनिवार्य बनाने की दिशा में यह सेवा एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित हुई है। परिवहन अधिकारी विवेक सिन्हा ने बताया कि जिले में इस योजना के सफल संचालन के परिणाम आंकड़ों में भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 52,076 दस्तावेजों का वितरण किया गया था, जिसमें 27,253 पंजीकरण प्रमाणपत्र और 24,823 ड्राइविंग लाइसेंस शामिल थे। वहीं, आगामी वर्ष 2025-26 में सेवाओं की गति में और अधिक वृद्धि देखी गई है। इस वर्ष अब तक कुल 58,850 दस्तावेज वितरित किए जा चुके हैं, जिनमें 32,530 पंजीकरण प्रमाणपत्र और 26,320 ड्राइविंग लाइसेंस शामिल हैं। जिला परिवहन अधिकारी कोरबा के मार्गदर्शन में बढ़ते हुए ये आंकड़े इस बात का प्रमाण हैं कि यह योजना जनता के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है और परिवहन सेवाओं तक पहुँच को अधिक सुगम बना रही है।

### वर्ष 2025-26 में 26 हजार 320 बने लायसेंस

**खास बातें**

- सीधे आवेदकों के घर के पते पर पहुंच रहे ड्रायविंग लाइसेंस
- कार्यालय का नहीं लगाना पड़ता है चक्कर



## खबर संक्षेप

### राम जन्मोत्सव पर कुसमुंडा में आज निकलेगी शोभायात्रा

**कोरबा।** प्रभु श्री राम जन्मोत्सव के अवसर पर मां कुसमुंडा दाई सेवा समिति एवं विश्व हिंदू परिषद कोरबा की ओर से 26 मार्च शाम 4 बजे को राम जन्मोत्सव का भव्य आयोजन कुसमुंडा क्षेत्र से गेवरा बस्ती के हनुमान मंदिर चौक से गायत्री मंदिर चौक होते हुए इंदिरा स्टेडियम आदर्श नगर के स्थल मे शोभायात्रा व झांकी का भव्य कार्यक्रम किया जा रहा है। जिसमें आप सभी समस्त क्षेत्रवासी राम जन्मोत्सव भव्य शोभा यात्रा में सादर आमंत्रित हैं।

### हनुमान जयंती पर बालको बजरंग दल निकालेगा शोभायात्रा

**कोरबा।** हनुमान जयंती के अवसर पर बालको बजरंग दल द्वारा एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल दो अप्रैल को बालको राम मंदिर से हनुमान की भव्य शोभा यात्रा निकलेगी । यह भव्य शोभा यात्रा शहर के विभिन्न सेक्टरों से होती हुई गुजरेगी। शोभा यात्रा के दौरान भक्तों में अलग ही जोश और उत्साह का माहौल देखने को मिलेगा शोभा यात्रा के दौरान बालको पुलिस की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी।

### जिले के 9516 छात्रों को दोबारा देनी होगी हिंदी की परीक्षा

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के सचिव ने सोमवार को एक आदेश जारी किए हैं। जिसमें कहा है कि परीक्षा समिति की आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि 14 मार्च को आयोजित हुई 12वीं हिन्दी विषय की परीक्षा निरस्त की जाती है। परीक्षा 10 अप्रैल को पुनः आयोजित की जाएगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के इस निर्णय से परीक्षा दे चुके छात्रों की परेशानी बढ़ गई है। अब उन्हें इस परीक्षा के लिए दोबारा मेहनत करनी होगी। इस परीक्षा में कोरबा जिले से 9516 छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। इनके साथ ही प्रदेश भर से पंजीकृत परीक्षार्थियों को हिन्दी विषय की परीक्षा के लिए नए सिरे से तैयारी करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। मंडल के सचिव ने परीक्षा को निरस्त किए जाने का कारण प्रश्न पत्र को लीक होना बताया है। सचिव का कहना है कि 14 मार्च को आयोजित परीक्षा के बाद 15 व 16 मार्च को उक्त विषय के सेट बी के प्रश्न पत्र लीक होने का दावा सोशल मीडिया में किया था। इसकी जांच के लिए साइबर थाने में लिखित शिकायत करते हुए सिटी कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई गई थी।

### सरपंच की पहल पर भलपहरी में पहुंचा पानी टैंकर, ग्रामीणों को राहत



**हरदीबाजार।** विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत भलपहरी में पेयजल की गंभीर समस्या को देखते हुए सरपंच श्रीमती सावित्री कामता प्रसाद मरावी द्वारा क्षेत्रीय कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल के समक्ष समस्या रखी गई। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए ग्रामवासियों के लिए पानी का टैंकर उपलब्ध कराया गया। इस पहल से गांव के लोगों को पीने के पानी की समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती सावित्री कामता प्रसाद मरावी, उप सरपंच प्रहलाद राठौर पंच हेमंत मरावी, शिवरतन राठौर, संतोष राठौर, महत्तरूराम खांडे, केसर कश्यप, रामनारायण राठौर, जीवन राठौर, भगऊ कश्यप, दीनू राठौर, श्यामन सिंह मरावी, भरत राठौर, बदन कश्यप, लक्ष्मण राठौर, डोम राठौर सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### अनिकेत का नवोदय विद्यालय में चयन

**हरदीबाजार।** आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल में अध्यनरत अनिकेत राठौर सराई सिंगार निवासी रामप्रसाद राठौर का पुत्र है जो ओबीसी वर्ग में 22वां रेंक हासिल कर नवोदय विद्यालय में आयोजित प्रवेश परीक्षा में पास होकर अपना मुकाम बनाया। जिससे विघालय परिवार, मां-पिता ने हर्ष के साथ उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



### पार्षद ने बिगड़े हैंडपंप की मरम्मत कराकर पानी की समस्या से दिलाई निजात



**बांकीमोंगरा।** नगर पालिका वार्ड क्रमांक 28 में हैंडपंप मरम्मत और जल की समस्या से क्षेत्रवासियों को गुजरना पड़ रहा था। वार्डों में लगातार पानी की समस्या आम लोगों के जीवन को अस्त- व्यस्त नजर आ रहा है। पानी की किल्लत की वजह से किसी भी कार्य शादी, पार्टी, छठी, मरनी जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या को देखते हुए वार्ड क्रमांक 28 के पार्षद श्रवण कुमार यादव ने अपने वार्ड में पानी की समस्याओं से निजात दिलाने के लिए कई जगह के हैंडपंप जो खराब पड़े हुए थे जिस समस्या से नगर पालिका को अवगत कराया जिसके बाद बिगड़े हुए हैंडपंप को को सुधारा गया। बिंजवहर मोहल्ले के हैंडपंप जिनमे सबमर्शिबल मशीन की सुविधा देकर सिस्टम के जरिए हैंडपम्प की मरम्मत कराई गई।

### जिले में 88 छोटे बड़े पोल्ट्री फार्म हैं संचालित

# बर्ड फ्लू अलर्ट : पोल्ट्री फार्म से लेकर दुकानों तक पहुंचेंगी पशु चिकित्सकों की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

संभागीय मुख्यालय बिलासपुर में फैले बर्ड फ़्लू के मद्देनजर जिले में भी पशु चिकित्सा विभाग ने एहतियातन के तौर पर टीम का गठन कर दिया है। पशु चिकित्सकों के नेतृत्व में बनी टीम पोल्ट्री फार्म से लेकर दुकानों तक पहुंचकर जांच पड़ताल करते हुए स्थल निरीक्षण के साथ बचाव के लिए आवश्यक दवाईयों का भी वितरण करेंगी।

बर्ड फ्लू को देखते हुए पशु चिकित्सा विभाग ने अपने स्तर पर तैयारियां शुरु कर दी है। इसके लिए विभागीय स्तर पर सभी ब्लॉक मुख्यालय से लेकर जिले में चल रहे विभाग के 13 अस्पतालों और मैदानी अमले को निर्देश जारी करते हुए सतर्कता बरतने के लिए पत्र जारी किया है। इसके तहत रिवाइस एक्शन प्लान फॅार प्रिवेंशन कंट्रोल एण्ड कंटेटमेंट ऑफ एवियन इंफ्लुऐंजा 2021 के तहत कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। इसके लिए सभी विकासखंड स्तर पर निगरानी टीम बनाई जा रही है। जो आबादी क्षेत्रों के साथ बाजार में जाकर जंगली पक्षियों द्वारा निर्मित घोसले के साथ बत्तख आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे पोल्ट्री फार्म के निगरानी पशु चिकित्सकों के द्वारा की जाएगी। शहरी क्षेत्रों में भी गठित टीम के द्वारा आबादी क्षेत्र में चल रहे पोल्ट्री फार्म को संवेदनशील मानते हुए टीम के द्वारा इन क्षेत्रों में जाकर गहन जांच पड़ताल की जाएगी। इसके अलावा शहरी और उपनगरीय क्षेत्रों में चिकन दुकानों का भी परीक्षण किया जाएगा। पशु चिकित्सा विभाग ने शहर में चलने वाले पोल्ट्री फार्म और दुकानों में पहुंचने का काम शुरु कर दिया है।



फाइल फोटो

**खास बात**

- पशु संगणना में 4 लाख 88 हजार है मुर्गी

### कबूतर पालने वालों पर फोकस

पोल्ट्री फार्म के अलावा रिहायशी इलाकों में कबूतर पालने वालों को भी आगाह किया है कि उनके क्षेत्रों में अगर कबूतर की मौत किसी भी कारणवश होती है तो इसकी सूचना तत्काल विभाग को दी जाए। साथ ही कबूतर रखे जाने वाले स्थान में साफ सफाई के साथ पानी पीने वाले कोटना को भी बदलकर उनकी जगह नए कोटना रखे जाएं।

### जिले में नहीं है शिकायत


अभी तक जिले में कहीं से भी बर्ड फ्लू फैलने की या फिर किसी भी प्रकार के पक्षियों के ज्यादा तादात में मौत होने की शिकायतें या मामले सामने नही आए हैं लेकिन फिर भी विभाग बीमारी को लेकर अलर्ट है। पशु चिकित्सकों की टीम पोल्ट्री फार्म और इससे संबंधित दुकानों में जाकर जांच पड़ताल करेगी।

-एस एन मिश्रा
उप संचालक, पशु चिकित्सा विभाग

### प्रवासी पक्षियों का फॉरेस्ट को मिला निर्देश

जिले में जिन स्थानो पर प्रवासी पक्षियों की आवाजाही बनी रहती है उन स्थानों पर विशेष निगरानी के लिए वन विभाग को अलर्ट किया गया है जिसके मैदानी अमले के द्वारा प्रवासी पक्षियों के स्थल को चिन्हांकित कर उन क्षेत्रों में किसी भी प्रवासी पक्षी के अधिक तादात में मौत होने को लेकर या असमायिक मौत होती है तो इसकी सूचना पशु चिकित्सा विभाग को देने के निर्देश दिए गए हैं। रिहायशी इलाकों में पक्षी प्रेमियों से भी विभाग ने अपील की है कि उनके क्षेत्रों में आने वाले पक्षियों की अगर मौत होती है तो इसे गंभीरता से लें।

# गिट्टी खाली करते समय पलटा ट्रेलर, एक की मौत



पलटा हुआ ट्रेलर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज साइट पर बुधवार दोपहर को बड़ा हादसा हुआ। जानकारी के अनुसार गिट्टी से भरा ट्रेलर खाली करते समय उसका हाइड्रोलिक जैक टूट गया जिससे वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया बगल में खड़े दूसरे ट्रेलर का चालक उसकी जद में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सिविल लाईन क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 21 निवासी उमरसंस पिता नूर आलम 32 वर्ष अपनी ट्रेलर वाहन लेकर रोज की तरह रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत भुलसीडीह मेडिकल कॉलेज के निर्माणाधीन साइड पर पहुंचा था जहां गिट्टी लेकर पहुंचे ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीपी 4135 के चालक ने छोटे से जगह में गिट्टी को खाली करने का कोशिश कर रहा था। इस दौरान ट्रेलर से नियंत्रण खो बैठा और ट्रेलर पलट गई वहीं पास में खड़े दूसरी ट्रेलर का स्टेपनी बदल रहा उमर संस उक्त वाहन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय मजदूरों का आक्रोश फूट पड़ा था। घटना की सूचना मिलने पर रजगामार चौकी प्रभारी लक्ष्मण खुंटे दल बल सहित मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाइश दी और मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द किया गया। सूत्र बताते हैं कि इस मामले में पुलिस ने लापरवाही ट्रेलर चालक व साइड इंचार्ज के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# अधीक्षण यंत्री के निलंबन के बाद तत्काल बहाली, दो माह में होने वाले हैं सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में विद्युत वितरण विभाग में पदस्थ अधीक्षण यंत्री व डीई को कार्य में लापरवाही बरते जाने पर निलंबित किया गया था।

**खास बात**

- एमडी ने कार्य में लापरवाही बरतने पर किया था निलंबन

निलंबन के चंद दिनों बाद ही अधीक्षण यंत्री को पुनः बहाल कर दिया गया है और उनकी पदस्थापना रायपुर ऑफिस में की गई है। अधीक्षण यंत्री सेवानिवृत्त होने में महज दो महीना ही शेष है। संभवतः इसी के चलते उन्हें बहाल किया गया है।

ज्ञात रहे कि 10 मार्च को प्रबंध संचालक भीम सिंह कंवर जिले के प्रवास पर थे। इस दौरान उन्होंने वनांचल क्षेत्र लेमरु व देवपहरी का दौरा किया था और गौमुखी सेवा आश्रम में 200 केवीए क्षमता का ट्रांसफॉर्मर लगाने के निर्देश दिए, ताकि बिजली और पानी की समस्या का स्थायी समाधान हो सके लेकिन जिले के अधीक्षण यंत्री बीके सरकार व कटघोरा के डीई अंशु वासने ने प्रस्ताव बनाकर ट्रांसफार्मर लगाने का फरमान सुनाया था लेकिन प्रस्ताव बनाने में विलंब किया गया जिसे लेकर प्रबंध संचालक भीम सिंह ने अधीक्षण यंत्री बीके सरकार व कटघोरा के डीई अंशु वासने को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। मीडिया में यह खबर प्रकाशित होने के बाद ही अब जिले के अधीक्षण यंत्री को पुनः बहाल कर दिया गया है और रायपुर पोस्टिंग की गई है। सूत्र बताते हैं कि बीके सरकार की सेवानिवृत्त होने में महज दो महीना ही शेष है सभवतः इसी के चलते उन्हें बहाल किया गया है। जबकि अब तक जिले में अधीक्षण यंत्री की पोस्टिंग नहीं हो पायी है।

### निहारिका सब स्टेशन को एमडी ने किया चार्ज



विद्युत वितरण विभाग अपने उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। बताया जाता है कि निहारिका क्षेत्र के आसपास बसने वाले लोगों को गर्मी के दिनों में सब स्टेशन से विद्युत आपूर्ति करने पर ओवरलोड की समस्या उत्पन्न होती थी। लगातार ओवरलोड की समस्या को देखते हुए विद्युत वितरण विभाग के अफसरों ने निहारिका क्षेत्र में एक अन्य सब स्टेशन निर्माण का प्रस्ताव वरिष्ठ अफसरों को भेजा था। जहां मुख्यालय से स्वीकृति मिलने के बाद सुभाष चौक के समीप सीएसईबी कॉलोनी में 33 गुणा 11 केवी का लगभग 1 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से सब स्टेशन का निर्माण किया गया है। बुधवार को विद्युत वितरण विभाग के प्रबंध संचालक भीम सिंह अपने कोरबा प्रवास पर पहुंचे थे जहां उन्होंने निहारिका सब स्टेशन पहुंचकर पावर ट्रांसफार्मर को चार्ज किया है। अब इस सब स्टेशन के चार्ज हो जाने केबाद निहारिका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राजेंद्र प्रसाद नगर, साडा कॉलोनी, शिवाजी नगर, आरएसएस नगर, एमपी नगर, घंटाघर व सीएसईबी कॉलोनी के लगभग 5 हजार उपभोक्ताओं को इस सब स्टेशन से विद्युत आपूर्ति हो सकेगी। इस दौरान प्रबंध निदेशक की धर्मपत्नी मंजुला भीम सिंह कंवर, कार्यपालक निदेशक बिलासपुर एके अंबष्ट, अधीक्षण अभियंता कोरबा पीआर साहू, अधीक्षण अभियंता प्रोजेक्ट श्री तिवारी, कार्यपालन अभियंता एचएस राठौर एवं आरएल वर्मा, पाड़ीमार जोन के एई श्री जोशी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# रविशंकर से दादर कलवर्ट तक सड़क डामरीकरण कार्य के लिए एक करोड़ की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के प्रयासों से पंडित रविशंकर शुक्ल नगर से दादर नाला कलवर्ट हनुमान मंदिर के पास तक सड़क डामरीकरण कार्य हेतु 99.78 लाख की स्वीकृति मिली है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि शहर के सभी प्रमुख मार्गों से लेकर आंतरिक मार्गों के डामरीकरण हेतु लगातार स्वीकृति प्राप्त हो रही है। दादर मार्ग के डामरीकरण से आरएसएसनगर, दादर खुर्द, मानिकपुर, खरमोरा सहित अन्य क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी।

मंत्री श्री देवांगन द्वारा नगर निगम क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड को समृद्ध बनाने एवं सभी प्रमुख मार्गों से लेकर वार्डों को जोड़ने वाले सड़कों के डामरीकरण के लिए किए जा रहे सशक्त प्रयासों से सफलताए मिल रही है। हाल ही में कोरबा नगर क्षेत्र के चार प्रमुख सड़कों के डामरीकरण के लिए करीब 6 करोड़ की स्वीकृति राज्य शासन से प्राप्त हुई थी। इसके साथ ही कई अन्य महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों के लिए राशि विभिन्न मदों से कोरबा को प्राप्त हो रही है। पिछले ही महीने मंत्री श्री देवांगन ने एसईसीएल प्रबंधन को पं रवि शंकर शुक्ल नगर के श्री मेडिको से दादरखुर्द नाला कलवर्ट हनुमान मंदिर के पास तक के सड़क डामरीकरण कार्य हेतु पत्र लिख़ कर एसईसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल स्वीकृति हेतु कहा था। एसईसीएल प्रबंधन ने बुधवार को इस महत्वपूर्ण कार्य हेतु 99.78 लाख की स्वीकृति पत्र जारी किया। स्वीकृति मिलने पर मंत्री देवांगन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी का आभार जताया है।

**खास बात**

- एसईसीएल के सीएसआर मद से होगा राशि का आबंटन

हरिभूमि बिलासपुर संभाग में नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

### जिले के हितग्राहियों के खाते में अंतरित हुई राशि

# आर्थिक समृद्धि हेतु लाभकारी है भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत आयोजित राज्यस्तरीय राशि वितरण कार्यक्रम बलौदाबाजार में हितग्राहियों के बैंक खातों में सहायता राशि का अंतरण किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशभर के हितग्राहियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा संवाद किया। मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों से योजना के लाभ तथा उनके जीवन में आए सकारात्मक बदलावों की जानकारी प्राप्त की।

जिले के तहसील पोड़ी उपरोड़ा में योजना के हितग्राहियों को लाभान्वित करने हेतु तहसील स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पूजा एवं राजगीत के साथ किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। स्वागत उद्बोधन अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मनोज कुमार बंजारे द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने उद्बोधन दिया तथा हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। मुख्य अतिथि तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम, विधायक पाली-तानाखार, ने कहा कि यह योजना छत्तीसगढ़ के भूमिहीन कृषि मजदूरों एवं उनके परिवारों की आर्थिक समृद्धि के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। विशिष्ट अतिथि डॉ. पवन सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायत कोरबा, ने कहा कि राज्य शासन की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की तरह यह योजना भी भूमिहीन कृषक परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। योजना के तहत पात्र परिवार के मुखिया को प्रतिवर्ष रूपये 10 हजार की एकमुश्त राशि डीबीटी के माध्यम से प्रदान की जाती है। योजना का उद्देश्य भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों की शुद्ध आय में वृद्धि कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। जिले में कुल 10 हजार 81 हितग्राही पंजीकृत हैं, जिनमें 9,923 ग्रामीण एवं 158 नगरीय क्षेत्र के हितग्राही शामिल हैं। विकासखण्ड पोड़ी उपरोड़ा के 1,853 हितग्राहियों को आज के कार्यक्रम में राशि का लाभ प्रदान किया गया।



कार्यक्रम में उपस्थित हितग्राही व अन्य।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)

रामेश्वरम् धाम यात्रा

21 अप्रैल, 28 अप्रैल, 19 मई, 02 जून 2026 (10 दिन)

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मानाभ स्वामी)

नोट :- स्पेशल ट्रेन में त्रिवेंद्रम पद्मानाभ स्वामी नहीं रहेगा।

राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)

Since-2007

Jai Mata Di · Shree Tripur Tirth Yatra Samiti

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411